# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. हाथरस भगदड़ हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर हुइ 121 : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों से की मुलाकात, कहा– घटना की होगी न्यायिक जांच।
2. हाथरस हादसे में जान गंवाने वालों को राज्यसभा में दी गइ श्रद्धांजलि : मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा– इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए बनाया जाना चाहिए कानून।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दिया जवाब : कहा– संविधान सरकार को दिशा दिखाने वाला प्रकाश स्तम्भ।

और

4. प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय : बीते 24 घंटों में पांच जनपदों में दर्ज की गई सौ मिलीमीटर से अधिक बारिश।

---

हाथरस के फुलरई गांव में सत्संग में भगदड़ के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़कर 121 हो गई है। इसमें उत्तर प्रदेश के साथ हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के भी लोग शामिल हैं। प्रदेश के हाथरस, बदायूं, कासगंज, अलीगढ़, एटा, हमीरपुर, आगरा, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर और लखीमपुर खीरी समेत 16 जिलों के श्रद्धालुओं की मौत हुई है। मृतकों में छह लोग अन्य राज्यों के हैं। हादसे में घायल हुए 31 लोगों का इलाज चल रहा है और लगभग सभी खतरे से बाहर हैं। हाथरस, एटा, अलीगढ़ और आगरा में घायलों का इलाज चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हाथरस पहुंच कर घटनास्थल का दौरा किया और घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ समीक्षा बैठक भी की। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि हाथरस में हुई भगदड़ की घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी। सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी, प्रशासन और पुलिस के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी भी इसका हिस्सा होंगे। बाइट..

*हादसे के कारणों की प्रारंभिक व्यवस्था देखी जा सके इसको देखने के लिए वहाँ पर मैं स्वयं गया था और हमारे तीन मंत्री यहाँ पर कल से ही कैम्प कर रहे थे। मुख्य सचिव और पुलिसमहानिदेशक भी। यहाँ पर कल से ही कैम्प कर रहे हैं इस पूरी घटना के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय*

*करने की भी दिशा में आगे कारवाई की जा रही है जिसमें कुछ विशेष दल बनाए गए हैं जिनमें अलग अलग जनपदों में उनकी कारवाई अब प्रारंभ होगी और प्रारंभिक जाँच के बाद आगे की कारवाई को हम लोग आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे और जुड़िसियल इनक्वारी के बारे में आज ही इसके नोटिफिकेशन शासन के द्वारा भी जारी हो जाएगी।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि एडीजी आगरा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है। इसने एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। उन्हें इस मामले की गहराई से जांच करने के लिए कहा गया है। इसमें कई ऐसे पहलू हैं जिनकी जांच की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने आर्थिक सहायता की घोषणा की है। इस घटना के शिकार हुए नाबालिग बच्चे, जो स्कूली छात्र हैं, उन्हें उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत उनकी शिक्षा में मदद की जाएगी। बाइट...

*केंद्र और राज्य सरकार ने आर्थिक सहायता की भी घोषणा की है जो निर्दोष लोग इस पूरे हादसे के शिकार हुए है उनके जो नाबालिग बच्चे है जो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हैं उनको हम उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत उन बच्चों की पढाई की व्यवस्था हम लोग राज्य सरकार से करवाएँगे। उन्हें जिस भी स्कूल  में पढ़ रहे होंगे जिन भी संस्थाओं में पढ़ रहे होंगे या उनके.समय से कापी की व्यवस्था के लिए भी राज्य सरकार ने तय किया है और प्रत्येक मृतक के परिवारजन को भी केंद्र और राज्य सरकार मिलकर के चार लाख रुपए की सहायता और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को एक लाख रुपए की सहायता दे रही है।*

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी हाथरस जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना है। हाथरस में कल हुई भगदड़ के बाद फोरेंसिक विशेषज्ञों ने डॉग

स्क्वायड के साथ घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र किए। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार, सत्संग के दौरान जान गवाने वाले अधिकांश लोगों की पहचान कर ली गई है। जिला मजिस्ट्रेट आशीष कुमार ने कहा कि सत्संग एक निजी समारोह था, जिसके लिए एसडीएम ने अनुमति दी थी। स्थानीय प्रशासन ने आयोजन स्थल के बाहर सुरक्षा प्रदान की, जबकि अंदर की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई थी।

---

हाथरस में सत्संग में भगदड़ की घटना के बाद भोले बाबा के आगरा में प्रस्तावित सत्संग कार्यक्रम पर रोक लगा दी गई है। भोले बाबा के नाम से प्रसिद्ध नारायण हरि साकार बाबा का आगरा के सैया कस्बे में कल संत समागम सत्संग प्रस्तावित था। इसके साथ ही बाबा की धर–पकड़ की कार्रवाई भी तेज कर दी गई है।

उधर, मिर्जापुर के शक्तिपीठ विंध्याचल धाम में हाथरस हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए आज श्री विंध्य पंडा समाज ने हवन पूजन किया। इसके बाद मृतकों की आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

---

हाथरस में हुई घटना को लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी दुख जताया है। श्री पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शोक

संदेश भेजा है। अपने शोक संदेश में रूस के राष्ट्रपति ने लिखा है कि उत्तर प्रदेश में हुए दुखद हादसे पर संवेदनाएं स्वीकार करें।

—————————

हाथरस में हुई दुखद घटना में जान गंवाने वाले लोगों को आज राज्यसभा में श्रद्धांजलि दी गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस दुखद घटना में जानमाल की हानि और घायल होना दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है।

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सुझाव दिया कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह को हाथरस की घटना पर बयान देना चाहिए।

*ऐसे जो हादसे हो रहे हैं बहुत सी जगह ब्लाइंड फेथ पर लोग जमते हैं और इसके लिए कोई कानून नहीं है। ऐसा आज जो बडा हादसा हुआ 135 लोग मर गए हैं तो इसलिए इसको एक आप कानून बनाएंगे अंध श्रद्धा के लिए कर्नाटक, महाराष्ट्र में कानून बने हैं। उस लाइन पर आप कानून बनवाइए।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद दोनों सदनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का आज राज्य सभा में जवाब दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संविधान केवल अनुच्छेदों का संकलन नहीं है, बल्कि इसकी भावना और शब्द सरकार के लिए मूल्यवान हैं। श्री मोदी ने कहा कि संविधान, सरकार को दिशा दिखाने वाला प्रकाश स्तम्भ है। उन्होंने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में जवाब देते हुए यह बात कही।

एनडीए सरकार के तोसरे कार्यकाल के दौरान सरकार के दृष्टिकोण पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबी के खिलाफ लड़ाई, सरकार का प्रमुख एजेंडा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

*आने वाले 5 साल मूल सुविधाओं के सैचुरेशन के एक गरिमा पूर्ण जीवन जीने के लिए जिस प्रकार के गवर्नेंस की आवश्यकताएं होती है। हम इन मूलभूत सुविधाओं के सैचुरेशन का युग के रूप में उसको परिवर्तित*

*करना चाहते। दुनिया की तीसरे नंबर की इक्नोमी बनेंगे तब सकारात्मक प्रभाव तो होगा लेकिन वैश्विक परिवेश में अभूतपूर्व प्रभाव पैदा होगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों ने इस सरकार के पिछले दस वर्षों के दौरान किए गए कार्यों का समर्थन किया और सरकार को उसके प्रदर्शन के आधार पर चुना है। उन्होंने कहा कि छह दशक बाद ऐसा हुआ कि लोगों ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना है।

राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई है। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद, सभापति जगदीप धनखड़ ने इसकी घोषणा की।

————————

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इससे पहले उन्होंने सरयू में डुबकी लगाकर पूजा–अर्चना की। उन्होंने अयोध्या में अपना मुंडन भी कराया और अपने केश सरयू तट पर समर्पित किए। इसके बाद सरयू तट से राम मंदिर तक पदयात्रा की। इस दौरान श्री चौधरी ने रामलला के दरबार में अपनी पगड़ी समर्पित की। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से हमने अभियान चलाकर इंडी गठबंधन की सरकार को हटाने का काम किया है। इंडी गठबंधन किसी तरह के कंफ्यूजन में न रहे। एनडीए बिहार विधानसभा चुनाव में 243 में 200 से ज्यादा सीटें जीतेगी।

———————

प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। प्रदेश में लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, जौनपुर और लखनऊ समेत अन्य जनपदों में बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है। सिंचाई और जल संसाधन विभाग के मुताबिक बीते 24 घंटों में प्रदेश के पांच जनपदों में सौ मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में सर्वाधिक 237 दशमलव 6 मिलीमीटर बारिश बस्ती में हुई है। इसके अलावा कुशीनगर में 166 मिलीमीटर, संतकबीरनगर में 152 मिलीमीटर, बलिया में 122 मिलीमीटर और देवरिया में 108 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला अगले तीन दिनों तक जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक कल वाराणसी, कानपुर, जालौन, मिर्जापुर में मेघ गर्जना के साथ भारी बारिश हो सकती है। वहीं लखनऊ, सीतापुर, पीलीभीत, अयोध्या समेत प्रदेश के अधिकांश जनपदों में हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।

———————